**Series : QSR2P** **SET~3**

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code 59/2/3**

रोल नं.
**Roll No.**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

| नोट | NOTE : |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं । | (I) Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । | (III) Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** {} | (IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*
*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 80*
*Maximum Marks : 80*

{}

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

(i) *इस प्रश्न-पत्र में* **30** *प्रश्न हैं ।* **सभी** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *प्रश्न-पत्र* **पाँच** *खण्डों में विभाजित है – खण्ड* **क, ख, ग, घ** *एवं* **ङ** ।

(iii) **खण्ड–क :** *प्रश्न संख्या* **1** *से* **12** *तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* **1** *अंक का है ।*

(iv) **खण्ड–ख :** *प्रश्न संख्या* **13** *से* **18** *तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* **2** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* **50** *से* **60** *शब्दों में लिखिए ।*

(v) **खण्ड–ग :** *प्रश्न संख्या* **19** *से* **23** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार –I के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* **4** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* **100** *से* **120** *शब्दों में लिखिए ।*

(vi) **खण्ड–घ :** *प्रश्न संख्या* **24** *से* **26** *अवतरण, कार्टून तथा मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर यथानुसार लिखिए ।*

(vii) **खण्ड – ङ :** *प्रश्न संख्या* **27** *से* **30** *तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार –II के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न* **6** *अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* **170** *से* **180** *शब्दों में लिखिए ।*

(viii) *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल* **एक** *ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

(ix) *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

{}

***GENERAL INSTRUCTIONS :***

***Read the following instructions very carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains* ***30*** *questions.* ***All*** *questions are* **compulsory**.

*(ii)* *Question paper is divided into* **five** *sections – Sections* ***A, B, C, D and E.***

*(iii)* ***Section A*** *– question numbers* ***1*** *to* ***12*** *are Multiple Choice type questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* ***Section B*** *– question numbers* ***13*** *to* ***18*** *are Short Answer type questions. Each question carries* ***2*** *marks. Write answer to each question in* ***50*** *to* ***60*** *words.*

*(v)* ***Section C*** *– question numbers* ***19*** *to* ***23*** *are Long Answer Type-I questions. Each question carries* ***4*** *marks. Write answer to each question in* ***100*** *to* ***120*** *words.*

*(vi)* ***Section D*** *– question numbers* ***24*** *to* ***26*** *are Passage, Cartoon/Picture and Map-based questions. Answer each question accordingly.*

*(vii)* ***Section E*** *– question numbers* ***27*** *to* ***30*** *are Long Answer Type-II questions. Each question carries* ***6*** *marks. Write answer to each question in* ***170*** *to* ***180*** *words.*

*(viii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only* **one** *of the choices in such questions has to be attempted.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

{}

## खण्ड – क

**12 × 1 = 12**

1. नीचे दो कथन दिए गए हैं : **1**

**कथन I :** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई एम एफ) एक ऐसा अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर की वित्तीय संस्थाओं और नियमों की देखरेख करता है।

**कथन II :** अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष संगठन में सभी 189 सदस्यों को एक समान अधिकार और दर्जा प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) कथन I और कथन II दोनों सत्य हैं।

(B) कथन I और कथन II दोनों असत्य हैं।

(C) कथन I सत्य है, परंतु कथन II असत्य है।

(D) कथन I असत्य है, परंतु कथन II सत्य है।

2. वह गठबंधन जिसने सर्वाधिक बार केंद्र में सरकार का गठन किया है : **1**

(A) संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन

(B) राष्ट्रीय मोर्चा

(C) संयुक्त मोर्चा

(D) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन

3. 'सहयोग मूलक सुरक्षा' की अवधारणा के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है ? **1**

(A) विश्व के शक्तिशाली देशों द्वारा गैर-पारम्परिक खतरों के विरुद्ध सैन्य कार्यवाही करना।

(B) 'नाटो' देशों के द्वारा खतरे की स्थिति में 'सामूहिक सुरक्षा' को सुनिश्चित करना।

(C) एक राज्य के अन्दर विभिन्न माध्यमों से आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना।

(D) विश्व के कई देशों के द्वारा गैर-पारम्परिक खतरों का मिल-जुल कर समाधान निकालना।

## SECTION – A

**12 × 1 = 12**

1. Given below are two statements : **1**

**Statement I :** The International Monetary Fund (IMF) is an international organization that oversees those financial institutions and regulations that act at the international level.

**Statement II :** All the 189 members of IMF organization have equal say.

In the light of above statements, choose the correct answer from the options given below :

(A) Both statement I and statement II are true.

(B) Both statement I and statement II are false.

(C) Statement I is true, but statement II is false.

(D) Statement I is false, but statement II is true.

2. The alliance that has formed the government at the centre the maximum number of times : **1**

(A) United Progressive Alliance (UPA)

(B) National Front

(C) United Front

(D) National Democratic Alliance (NDA)

3. Which one of the following statements is True about the concept of 'Co-operative Security' ? **1**

(A) Initiating action by the developed countries against non-traditional threats.

(B) Ensuring 'collective security' by the NATO countries in case of threats.

(C) Strengthening internal security by various measures within a state.

(D) Involving several countries to decide on a collective solution against non-traditional threats.

{}

4. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए : 1

(i) अन्दरूनी गड़बड़ी के आधार पर आपातकाल की घोषणा करना ।

(ii) जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में सरकारी कर्मचारियों द्वारा रेल हड़ताल करना ।

(iii) भारत में छठा आम चुनाव होना ।

(iv) केशवानंद भारती मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा संविधान की 'बुनियादी संरचना' की अवधारणा घोषित करना ।

सही विकल्प चुनिए :

(A) (iv), (ii), (i), (iii)

(B) (i), (iii), (iv), (ii)

(C) (iii), (ii), (i), (iv)

(D) (iv), (iii), (ii), (i)

5. निम्नलिखित में से कौन सा कथन 'वीटो शक्ति' की सर्वश्रेष्ठ व्याख्या है ? 1

(A) यह सकारात्मक मतदान की शक्ति है ।

(B) दूसरे विश्व युद्ध के बाद केवल संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों को विश्व में शांति स्थापना के लिए, वीटो शक्ति दी गयी ।

(C) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के समस्त अस्थायी सदस्यों को केवल दो वर्ष तक वीटो शक्ति प्रयोग करने का अधिकार है ।

(D) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के सभी सदस्यों को वीटो शक्ति प्राप्त है ।

{}

4. Arrange the following events in chronological order : **1**

(i) Declaration of National Emergency on the basis of internal disturbances.

(ii) Railway strike by government employees under the leadership of George Fernandes.

(iii) Sixth General Election held in India.

(iv) Declaration of the doctrine of 'basic structure' of the Constitution in the 'Keshavananda Bharti' case by the Supreme Court.

Choose the correct option :

(A) (iv), (ii), (i), (iii)

(B) (i), (iii), (iv), (ii)

(C) (iii), (ii), (i), (iv)

(D) (iv), (iii), (ii), (i)

5. Which statement is the best description of 'Veto Power' ? **1**

(A) It is a power of positive voting.

(B) After the end of the Second World War, Veto Power is given only to permanent members of the United Nations Security Council (UNSC) to establish peace in the world.

(C) All the temporary members of the United Nations Security Council (UNSC) have the right to use Veto Power only for two years.

(D) All the members of the United Nations Security Council (UNSC) possess Veto Power.

{}

6. निम्नलिखित में से कौन सा कथन 'शाक थेरेपी' का परिणाम नहीं है ? 1

   (A) रूसी मुद्रा रुबल के मूल्य में गिरावट आई ।

   (B) पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था तहस-नहस हो गई ।

   (C) समाज कल्याण की व्यवस्था में मज़बूती आ गई ।

   (D) सामूहिक 'फार्म' की व्यवस्था भंग हो गई ।

7. निम्नलिखित में से कौन सी घटना सुरक्षा की पारम्परिक धारणा से संबंधित है ? 1

   (A) रूस – यूक्रेन युद्ध

   (B) वैश्विक तापमान में लगातार वृद्धि होना

   (C) अमरीका पर 9/11 का हमला

   (D) विश्व में कोविड-19 महामारी का फैलना

8. बाल्टिक गणराज्यों की सही तिकड़ी (तीन राज्यों) की पहचान कीजिए । 1

   (A) एस्टोनिया, लताविया, लिथुआनिया

   (B) स्लोवानिया, एस्टोनिया, लिथुआनिया

   (C) स्लोवानिया, रोमानिया, एस्टोनिया

   (D) एस्टोनिया, रोमानिया, लताविया

9. मई 1991 के अपने चुनाव अभियान में राजीव गाँधी का अन्तिम दौरा किस राज्य में था ? 1

   (A) तमिलनाडु (B) कर्नाटक

   (C) केरल (D) आंध्र प्रदेश

6. Which one of the following is NOT a consequence of 'Shock Therapy' ? **1**

   (A) The value of the Rouble, the Russian currency declined.

   (B) The economy of the entire region was ruined.

   (C) The system of social welfare got strengthened.

   (D) The collective farm system disintegrated.

7. Which one of the following is related to the traditional notion of security ? **1**

   (A) Russia – Ukraine War

   (B) Continuous rise in the global temperature

   (C) 9/11 attack on USA

   (D) Spread of COVID-19 epidemic in the world

8. Identify the correct trio of Baltic Republics : **1**

   (A) Estonia, Latvia, Lithuania

   (B) Slovenia, Estonia, Lithuania

   (C) Slovenia, Romania, Estonia

   (D) Estonia, Romania, Latvia

9. Which was the last state toured by Rajiv Gandhi for his election campaign in May 1991 ? **1**

   (A) Tamil Nadu (B) Karnataka

   (C) Kerala (D) Andhra Pradesh

{}

10. प्रथम दो पंचवर्षीय योजनाओं के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन असत्य है ? **1**

(A) प्रथम पंचवर्षीय योजना का ड्राफ्ट के.एन. राज द्वारा और द्वितीय पंचवर्षीय योजना का ड्राफ्ट पी.सी. महालनोबिस द्वारा तैयार किया गया था ।

(B) प्रथम पंचवर्षीय योजना का फोकस कृषि और दूसरी पंचवर्षीय योजना का फोकस उद्योगों पर था ।

(C) प्रथम पंचवर्षीय योजना में सार्वजनिक क्षेत्र की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया गया और द्वितीय पंचवर्षीय योजना में बड़े स्तर की योजनाओं के लिए भारी आबंटन किया गया ।

(D) प्रथम पंचवर्षीय योजना का उद्देश्य औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि करना था जबकि द्वितीय पंचवर्षीय योजना में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उद्योगों की सुरक्षा के लिए सरकार ने पर्याप्त शुल्क लगाया ।

11. सूची-I का सूची-II से सही मिलान कीजिए और दिए गए कोड से उत्तर का सही विकल्प चुनिए : **1**

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी | (i) | गुजरात |
| (b) | गरीबी हटाओ | (ii) | जयप्रकाश नारायण |
| (c) | मोरारजी देसाई के नेतृत्व में छात्र आंदोलन | (iii) | जगजीवन राम |
| (d) | सम्पूर्ण क्रांति | (iv) | इंदिरा गाँधी |

**कोड :**

(A) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(iii)

(B) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)

(C) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)

(D) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(iv)

{}

10. Which one of the following statements is NOT correct about the first two Five Year Plan ? **1**

(A) The first Five Year Plan was drafted by K.N. Raj and the second Five Year Plan was drafted by P.C. Mahalnobis.

(B) The first Five Year Plan focussed on agriculture and the second Five Year Plan focussed on industries.

(C) The first Five Year Plan emphasized on the active role of the public sector and the second Five Year Plan made huge allocations for large scale projects.

(D) The aim of first Five Year Plan was to raise the industrial production and in the second Five Year Plan, the government imposed substantial tariffs on imports in order to protect both public and private sector industries.

11. Match List-I with List-II correctly and choose the correct answer from the codes given below : **1**

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Congress for democracy | (i) | Gujarat |
| (b) | Garibi Hatao | (ii) | Jay Prakash Narayan |
| (c) | Student movement led by Morarji Desai | (iii) | Jagjeevan Ram |
| (d) | Total Revolution | (iv) | Indira Gandhi |

**Codes :**

(A) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iv), (d)-(iii)

(B) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)

(C) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)

(D) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(iv)

{}

12. प्रश्न संख्या 12 में दो कथन दिए गए हैं – जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए : **1**

**अभिकथन (A) :** भारत में पंचवर्षीय योजनाओं का विचार सोवियत संघ से प्रेरित था ।

**कारण (R) :** तीव्र आर्थिक संकट के कारण भारत सरकार ने 1966 में 'प्लान हॉलिडे' को प्रारम्भ किया था ।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(C) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है ।

(D) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है ।

## खण्ड – ख $6 \times 2 = 12$

13. किन्हीं दो आंतरिक खतरों को उजागर कीजिए जिनका सामना किसी भी राज्य को करना पड़ सकता है । $2 \times 1 = 2$

14. 1989 के बाद भारत में 'गठबन्धन की सरकारों' के गठन के लिए उत्तरदायी मुख्य कारण का विश्लेषण कीजिए । **2**

15. शरणार्थी और प्रवासी जन में कोई दो अंतर स्पष्ट कीजिए । **2**

16. पूर्वोत्तर भारत की भौगोलिक स्थिति किस प्रकार उनकी क्षेत्रीय माँगों की अभिव्यक्ति को प्रभावित करती है ? व्याख्या कीजिए । **2**

17. 1974 में बिहार में हुए छात्र आन्दोलन के कोई दो कारण लिखिए । **2**

18. दक्षिण एशियाई देशों पर बाहरी शक्तियों के प्रभाव का आकलन कीजिए । **2**

12. Given below are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read these statements and choose the correct answer from the given options : **1**

**Assertion (A)** : The idea of Five Year Plans (FYP) in India was inspired by the USSR.

**Reason (R) :** Due to acute economic crisis, the Indian Government started 'Plan Holiday' in 1966.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

(D) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

## SECTION – B $\quad$ 6 × 2 = 12

13. Highlight any two internal threats which any state may face. **2 × 1 = 2**

14. Analyse the main reason responsible for the formation of Coalition Governments after 1989. **2**

15. Explain any two differences between the refugees and the migrants. **2**

16. How does the geographical location of the North-East region has affected the expression of its regional demands ? Explain. **2**

17. State any two reasons for the Students' Movement in Bihar in 1974. **2**

18. Assess the impact of outside powers on the South Asian Countries. **2**

## खण्ड – ग

$5 \times 4 = 20$

19. (a) भारत में स्वतंत्रता के पश्चात् प्रथम तीन आम चुनावों में बनी सरकारों और 1989 के बाद बनी गठबंधन की सरकारों के बीच किन्हीं चार अंतरों को स्पष्ट कीजिए । $4 \times 1 = 4$

अथवा

(b) भारतीय राजनीति के संदर्भ में गठबंधन की सरकारों के किन्हीं चार लाभों की व्याख्या कीजिए । $4 \times 1 = 4$

20. (a) भारत और पाकिस्तान के मध्य सहयोग के किन्हीं दो क्षेत्रों और तनाव के किन्हीं दो कारणों का वर्णन कीजिए । $2 + 2 = 4$

अथवा

(b) भारत और नेपाल के मध्य सहयोग के किन्हीं दो क्षेत्रों और तनाव के किन्हीं दो कारणों का वर्णन कीजिए । $2 + 2 = 4$

21. कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया की राजनीतिक विचारधारा के किन्हीं चार बिन्दुओं को उजागर कीजिए ।

$4 \times 1 = 4$

22. मिखाइल गोर्बाचेव द्वारा शुरू किए गए सुधार सोवियत संघ को विघटन से क्यों नहीं बचा पाए ? कोई दो कारण स्पष्ट कीजिए । $2 \times 2 = 4$

23. 1970 के दशक के प्रारम्भ में इंदिरा गाँधी की सरकार को लोकप्रिय बनाने वाले किन्हीं चार कारकों का वर्णन कीजिए । $4 \times 1 = 4$

## SECTION – C

**5 × 4 = 20**

19. (a) Explain any four differences between the governments formed in the first three General Elections held in India after independence and the coalition governments formed after the year 1989. **4 × 1 = 4**

**OR**

(b) Explain any four advantages of coalition governments with reference to Indian politics. **4 × 1 = 4**

20. (a) Describe any two areas of co-operation and any two reasons for conflicts between India and Pakistan. **2 + 2 = 4**

**OR**

(b) Describe any two areas of co-operation and any two reasons for conflicts between India and Nepal. **2 + 2 = 4**

21. Highlight any four points of the political ideology of Communist Party of India. **4 × 1 = 4**

22. Why could the reforms initiated by Mikhail Gorbachev not save the disintegration of Soviet Union ? Explain any two reasons. **2 × 2 = 4**

23. Describe any four factors responsible to make Indira Gandhi's government popular in the beginning of 1970s decade. **4 × 1 = 4**

{}

**खण्ड – घ** **3 × 4 = 12**

24. नीचे दिये गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1 + 1 + 2 = 4**




(i) कार्टून किस परिवर्तन को प्रतिबिंबित करता है ? **1**

(ii) विकासशील देशों के प्रति अमरीका के दृष्टिकोण में किस बदलाव को दर्शाया गया है ? **1**

(iii) कार्टून के संदर्भ में वैश्वीकरण के किसी एक सकारात्मक और किसी एक नकारात्मक प्रभाव का उल्लेख कीजिए । **1 + 1 = 2**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 24 के स्थान पर हैं :** **1 + 1 + 2 = 4**

(i) भारत ने किस वर्ष आर्थिक वृद्धि के लिए सुधारों की शुरुआत की । **1**

(ii) विश्व सामाजिक मंच की प्रथम बैठक किस वर्ष और किस स्थान पर आयोजित की गयी थी ? **1**

(iii) वैश्वीकरण के किन्हीं दो सांस्कृतिक प्रभावों को लिखिए । **2**

25. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र, में चार राज्यों को A, B, C और D के रूप में अंकित किया गया है । नीचे दी गयी जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर नीचे दी गयी तालिका के रूप में लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) द्रविड़ आंदोलन के नेता ई.वी. रामास्वामी नायकर से संबंधित राज्य ।

(ii) वह राज्य जिसके निर्माण का मास्टर तारा सिंह ने समर्थन किया था ।

(iii) वह राज्य जहाँ छात्रों ने बाहरी लोगों के खिलाफ आंदोलन चलाया ।

(iv) वह राज्य जिसमें शांति के लिए राजीव गाँधी और लालडेंगा ने समझौता हस्ताक्षरित किया था ।

{ }

## SECTION – D

**3 × 4 = 12**

24. Study the given cartoon carefully and answer the questions that follow :

**1 + 1 + 2 = 4**




(i) Which change does the cartoon reflect ? **1**

(ii) What kind of shift is shown in America's attitude towards developing countries ? **1**

(iii) Mention any one positive and any one negative impact of globalization in reference to the cartoon. **1 + 1 = 2**

**Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 24 :** **1 + 1 + 2 = 4**

(i) In which year did India embark on reforms for economic growth ? **1**

(ii) In which year and at what place was the first meeting of World Social Forum (WSF) organized ? **1**

(iii) State any two cultural consequences of globalization. **2**

25. In the given political outline map of India, four states have been marked as A, B, C and D. Identify these on the basis of the information given below and write their correct names in your answer-book along with their respective serial number of the information used and the concerned alphabet as per the format that follows : **4 × 1 = 4**


(i) The state related to the leader of Dravidian Movement E.V. Ramasami Naicker.

(ii) The state whose formation was supported by Master Tara Singh.

(iii) The state where the movement against outsiders was started by students.

(iv) The state for which Rajiv Gandhi and Laldenga signed an agreement for peace.

| प्रयोग की गयी जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |




**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर हैं :** **4 × 1 = 4**

(i) जम्मू-काश्मीर से संबंधित उस अनुच्छेद का उल्लेख कीजिए जिसको 2019 में समाप्त कर दिया गया ।


(ii) जम्मू-काश्मीर के किसी एक क्षेत्रीय राजनीतिक दल का नाम लिखिए ।

(iii) किस वर्ष अरुणाचल प्रदेश एक अलग राज्य बना था ?

(iv) मिज़ो नेशनल फ्रंट (एम एन एफ) के लोकप्रिय नेता का नाम लिखिए ।

{}

| Serial number of the information used | Concerned Alphabet in the map | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |




**Note :** **The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 25 :** **4 × 1 = 4**

(i) State the article related to Jammu and Kashmir which was abolished in 2019.

(ii) Name any one regional political party of the Jammu & Kashmir.

(iii) In which year did Arunachal Pradesh become a separate state ?

(iv) Name the popular leader of Mizo National Front (MNF).

{}

26. नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4 × 1 = 4**

बनावट और प्रक्रियाओं में सुधार के अंतर्गत सबसे बड़ी बहस सुरक्षा परिषद् के कामकाज को लेकर है । इससे जुड़ी एक माँग यह है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थायी और अस्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ायी जाये ताकि समकालीन विश्व राजनीति की वास्तविकताओं की इस संगठन में बेहतर नुमाइंदगी हो सके । खास तौर से एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमरीका के ज्यादा देशों को सुरक्षा परिषद् में सदस्यता देने की बात उठ रही है । इसके अतिरिक्त, अमरीका और पश्चिमी देश संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट से जुड़ी प्रक्रियाओं और इसके प्रशासन में सुधार चाहते हैं ।

(i) संयुक्त राष्ट्र संघ के किस अंग के पाँच स्थायी सदस्य हैं ?

(A) महासभा

(B) सुरक्षा परिषद्

(C) सचिवालय

(D) आर्थिक और सामाजिक परिषद्

(ii) संयुक्त राष्ट्र संघ के बजट में सर्वाधिक योगदान कौन सा देश करता है ?

(A) अमरीका (B) रूस

(C) चीन (D) फ्रांस

(iii) सुरक्षा परिषद् के अस्थायी सदस्यों की संख्या को किस वर्ष बढ़ाया गया था ?

(A) 1962 (B) 1963

(C) 1964 (D) 1965

(iv) सुरक्षा परिषद् के सुधार के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है ?

(A) सुरक्षा परिषद् समकालीन राजनीतिक वास्तविकताओं की नुमाइंदगी नहीं करती है ।

(B) सुरक्षा परिषद् के फैसलों पर पश्चिमी मूल्यों और हितों की छाप होती है और कुछ शक्तियों का वर्चस्व होता है ।

(C) सुरक्षा परिषद् में समान प्रतिनिधित्व की कमी है ।

(D) सुरक्षा परिषद् के पास शान्ति स्थापित करने के लिए एक बड़ी सेना है ।

{}

26. Read the passage given below carefully and answer the questions that follow : **4 × 1 = 4**

On the reform of structures and processes, the biggest discussion has been on the functioning of the Security Council. Related to this has been the demand for an increase in the UN Security Council's permanent and non-permanent membership so that the realities of contemporary world politics are better reflected in the structure of the organisation. In particular, there are proposals to increase membership from Asia, Africa and South America. Beyond this, the US and other Western countries want improvements in the UN's budgetary procedures and its administration.

(i) Which organ of the United Nations has five permanent members ?

(A) General Assembly

(B) Security Council

(C) Secretariat

(D) Economic and Social Council

(ii) Which country contributes the most in the budget of United Nations Organisation ?

(A) America (B) Russia

(C) China (D) France

(iii) In which year was the strength of non-permanent members of Security Council increased ?

(A) 1962 (B) 1963

(C) 1964 (D) 1965

(iv) Which of the following statements is NOT correct about the reforms in Security Council ?

(A) The Security Council no longer represents contemporary political realities.

(B) The Security Council's decisions reflect only western values and interests and are dominated by a few powers.

(C) The Security Council lacks equitable representation.

(D) The Security Council has a large army to establish peace.

## खण्ड – ङ

**4 × 6 = 24**

27. (a) चीन द्वारा 1970 से पहले और बाद में अपनायी गयी आर्थिक नीतियों में कोई तीन प्रमुख अंतर स्पष्ट कीजिए। **3 × 2 = 6**

**अथवा**

(b) समकालीन विश्व में आसियान की 'सत्ता के एक वैकल्पिक केंद्र' के रूप में व्याख्या कीजिए। **6**

28. (a) देसी रियासतों ने किस प्रकार भारत की राष्ट्रीय एकता के लिए खतरा पैदा किया ? स्पष्ट कीजिए। **3 × 2 = 6**

**अथवा**

(b) भारत के विभाजन के दौरान सामने आई किन्हीं चार समस्याओं की व्याख्या कीजिए। **4 × 1½ = 6**

29. (a) भारतीय विदेश नीति के किन्हीं तीन सिद्धान्तों का विश्लेषण कीजिए जिन्हें आप वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य में बदलना चाहेंगे। **3 × 2 = 6**

**अथवा**

(b) "भारत की परमाणु नीति सामरिक स्वायत्तता और वैश्विक निःशस्त्रीकरण के प्रति प्रतिबद्धता का मिश्रण है।" किन्हीं तीन उचित तर्कों सहित कथन को न्यायोचित ठहराइये। **3 × 2 = 6**

30. (a) विश्व राजनीति को प्रभावित करने वाली किन्हीं चार पर्यावरणीय चिन्ताओं की परख कीजिए। **4 × 1½ = 6**

**अथवा**

(b) पर्यावरण के संरक्षण के लिए सरकार द्वारा उठाए जाने वाले कोई चार कदम सुझाइये। **4 × 1½ = 6**

---

## SECTION – E $4 \times 6 = 24$

27. (a) State any three major differences between the economic policies followed by China before and after 1970. **$3 \times 2 = 6$**

**OR**

(b) Explain ASEAN as an 'alternative centre of power' in the contemporary world. **6**

28. (a) How did Princely states posed a threat to the National Security of India ? Explain. **$3 \times 2 = 6$**

**OR**

(b) Explain any four problems faced during the process of partition of India. **$4 \times 1\frac{1}{2} = 6$**

29. (a) Analyse any three principles of India's foreign policy which you would like to alter in the present international scenario. **$3 \times 2 = 6$**

**OR**

(b) "India's nuclear policy is a blend of strategic autonomy and a commitment to global disarmament." Justify the statement with any three suitable arguments. **$3 \times 2 = 6$**

30. (a) Examine any four environmental concerns that have influenced the global politics. **$4 \times 1\frac{1}{2} = 6$**

**OR**

(b) Suggest any four steps that the Government of India should take to protect the environment. **$4 \times 1\frac{1}{2} = 6$**

---